# कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

कलेक्टर केम्पस, दुर्ग, –491001, E-mail-ddadurg.cg@nic.in, Ph.No-0788-2323755

क्रं./ त–3 सी / PMKSY-Watershed / 2022–23 / 8345 दुर्ग, दिनांक –13/03/23

## –:: विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर, कृषक नगर, लाभाण्डी रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक 668 / CGSWMA / 2022 रायपुर दिनांक 29.09.2022 एवं 735 / CGSWMA / 2022 रायपुर दिनांक 18.10.2022 प्राप्त निर्देश के परिपालन में **इस कार्यालय के पत्र क्र. 5354 दिनांक 21.11.2022 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन को निरस्त करते हुये** WDC-PMKSY 2.0 योजना के सफल संचालन हेतु **निम्नांकित संविदा पदों के सम्मुख दर्शाये गये वांछित आर्हतानुसार संविदा नियुक्ति हेतु पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित** किये जाते है:–

**परियोजना स्तर :–**

| क्र. | परियोजना का नाम एवं वि.खं. | पदनाम | रिक्त पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | वेतन लेवल अनुसार मासिक संविदा वेतन (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC - PMKSY 2.0/1 कुर्मीगुण्डरा नाला, वि. खं.–पाटन | WDT सदस्य (यांत्रिकी) | कुल 1 (अनारक्षित–1) | 1. **न्यूनतम**–बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) / बी.ई. सिविल / दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा रूरल टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट विषय में।<br>2. **वांछनीय**–मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी / शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में समान वेतनमान पर शासकीय / शासकीय उपक्रम का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता।<br>3. कम्प्यूटर ज्ञान अवश्यक। | लेवल–10<br>31450 /– |
| 2 | | WDT सदस्य (आजीविका) | कुल 1 (अनारक्षित–1) | 1. **न्यूनतम**–बी.एस.सी. (कृषि / वानिकी / उद्यानिकी / मत्स्य) BV&AHSc<br>2. **वांछनीय**– मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी / शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में समान वेतनमान पर शासकीय / शासकीय उपक्रम का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता।<br>3. कम्प्यूटर ज्ञान अवश्यक। | लेवल–8<br>25780 /– |
| 3 | | WDT सदस्य (समूह विकास) | कुल 1 (अनारक्षित–1) | 1. **न्यूनतम**–एम.बी.ए अथवा प्रबंधन में समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा / ग्रामीण प्रबंधन / विकास में स्नातकोत्तर अथवा समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा / सामाजिक कार्य (MSW) / समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर।<br>2. **वांछनीय**–मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी / शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में समान वेतनमान पर शासकीय / शासकीय उपक्रम का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता।<br>3. कम्प्यूटर ज्ञान अवश्यक। | लेवल–8<br>25780 /– |

**नियम व शर्ते :–**

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वमेव समाप्त हो जायेंगें। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदो का व्यय भार वहन नहीं किया जाएगा। संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
2. आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 31.03.2023** कार्यालयीन समय तक है। आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव, जाति, निवास संबंधी प्रमाणपत्र



Scanned with CamScanner

स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें। समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक परियोजना के पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।

3. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम तथा स्थान/परियोजना का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। लिफाफे के ऊपर प्रेषक एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट होना चाहिए। अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/गलत जानकारी वाले आवेदनों को निरस्त किया जाएगा।

4. शासन के द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया एवं अंक विभाजन अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, वांछित अनुभव व कौशल परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा।

5. अभ्यर्थी छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन कार्यालय उप संचालक कृषि, दुर्ग कलेक्टर परिसर दुर्ग के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजने होंगे। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे।

6. A-4 साईज में टाईप किये गये आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC के नाम से प्रस्तुत करें आवेदन का प्रारूप संलग्न है।

7. योजनांतर्गत पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी। आरक्षित वर्ग के उम्मिदवारों के लिए शासन के नियमानुसार आयुसीमा में छुट रहेगी। जो सभी छुटों को मिलाकर 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

8. विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आवेदक समान वेतनमान पर शासकीय/शासकीय उपक्रम के अधिन कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा।

9. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी/मैट्रिकुलेशन), आरक्षित पदों/अभ्यर्थी हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

10. आवेदक अपनी अर्हता की स्वयं जांच करने तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन भेजे। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट/त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जाएगा।

11. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदो की संख्या में वृद्धि या कमी करने का, आवेदन पत्रों पर विचार करने/ स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति संबंधी समस्त प्रक्रिया में कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC जिला दुर्ग का निर्णय मान्य होगा।

12. विज्ञापन में दर्शित अर्हता/योग्यता/पात्रता इत्यादि में भिन्नता पाये जाने पर योजना के दिशा निर्देश में अंकित अनुसार ही अंतिम रुप से मान्य किया जाएगा।

उप संचालक कृषि
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला–दुर्ग (छ.ग.)

E:\off.sec\Niyukti 27-02-2023\Vigyapan - Final.doc

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार
Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–दुर्ग (छ.ग.)**

स्वप्रमाणित नवीनतम
पासपोर्ट साईज फोटो
चिपकायें

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................................................
2. पदस्थापना स्थल/परियोजना का नाम :– ..........................................................................
3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में ) :– ..........................................................................
4. लिंग (पुरूष/महिला) :– ..........................................................................
5. वैवाहिक स्तर :– ..........................................................................
   (विवाहित/अविवाहित/विधवा/विधुर) :– ..........................................................................
6. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................
7. प्रवर्ग (सामान्य/अजा./अजजा./अपिव) :– ..........................................................................
8. जन्म तिथि (अ) अंको में :– ..........................................................................
   (ब) शब्दों में :– ..........................................................................
9. आयु (01.11.2022 की स्थिति में ) :– ..............वर्ष....................माह..............दिन............
10. जाति एवं प्रवर्ग :– ..........................................................................
    (आरक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें)
11. स्थायी पता :– ..........................................................................
12. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– ..........................................................................
    मोबाईल नम्बर :– ..........................................................................
13. जिला जहां के मूल निवासी हैं :– ..........................................................................
14. **शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुये)**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा /डिग्री | मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

क्रमशः 2 पर



Scanned with CamScanner

15. शासकीय/शासकीय उपक्रम में अनुभव का विवरण :– (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्र. | संस्था का प्रकार (शासकीय/शासकीय उपक्रम) | संस्था का नाम | पदनाम | वेतनमान/मासिक वेतन | कार्यावधि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कब से | कब तक | कुल |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

16. आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत हैं? (यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) :– ..........................................

17. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दण्डित प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :– ..........................................

**टीप :– जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।**

18. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. .................................... 2. ....................................
3 .................................... 4. ....................................
5. .................................... 6. ....................................
7. .................................... 8. ....................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**

## घोषणा –पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**



Scanned with CamScanner